प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- पहला विश्व श्रव्य –दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मे्लन–वेव्स 2025 आज से मुंबई में–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उद्घाटन करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा –हर घर–हर खेत बिजली उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।
- विश्व श्रमिक दिवस आज–इस वर्ष की थीम है कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य।
- प्रदेश से हज जाने वाले यात्रियों का पहला जत्था आज रवाना होगा।

000000

पहला विश्व श्रव्य –दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मे्लन–वेव्स 2025 आज से मुंबई में शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार दिन के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह समारोह ऑडियो विजुअल और मनोरंजन उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराएगा। सम्मेलन की थीम है–कनेक्टिंग क्रियेटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज। सम्मेलन का उद्देश्य भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। सम्मेलन में फिल्मों, ओटीटी, गेमिंग, कॉमिक्स, डिजिटल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रसारण और उभरती तकनीक पर भारत अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेगा। प्रधानमंत्री मोदी क्रिएटोस्फीयर का भी दौरा करेंगे और इंडिया चैलेंजेस से चुने गए क्रिएटर्स से बातचीत करेंगे।

0000

केन्द्र सरकार ने आगामी जनगणना में जाति गणना भी कराने का फैसला किया है। कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की राजनीतिक कार्यसमिति ने यह निर्णय लिया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद मीडिया से कहा कि देश के सामाजिक तानेबाने को राजनीति से बचाए रखने के लिए सर्वेक्षण के स्थान पर जाति गणना आगामी जनगणना में पारदर्शी तरीके से शामिल की जाएगी। इससे सामाजिक और आर्थिक ढांचा मजबूत होगा और राष्ट्र प्रगति पथ पर आगे बढेगा।

.....

इस बीच मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जाति आधारित जनगणना को सरकार का एतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताया है। अपने सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि इस निर्णय से समाज के वंचित वर्गों को न्याय मिलेगा। इसके साथ ही विकास की मुख्य धारा में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी सरकार के इस फैसले की सराहना की है। उन्होंने कहा कि ये सरकार ने देर से ये निर्णय लिया है लेकिन देशहित में ये फैसला अच्छा साबित होगा।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हर घर–हर खेत बिजली उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के लक्ष्य को लेकर लगातार काम कर रही है। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्र के लिए सुचारू बिजली उपलब्ध करवाई जायेगी। श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने ट्रांसफार्मर्स की मरम्मत, देखभाल और उपयोग संबंधी प्रक्रिया में सुधार करते हुए समुचित प्रावधान के भी निर्देश दिए।

0000

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुए पाकिस्तानी विमान कंपनियों के लिए अपना वायु क्षेत्र प्रतिबंधित कर दिया है। यह फैसला 23 मई तक प्रभावी रहेगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि सैन्य विमान सहित पाकिस्तान में पंजीकृत, वहां से संचालित या लीज पर परिचालित विमानों के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र उपलब्ध नहीं होगा। इस बारे में नोटिस जारी कर दिया गया है।

00000

आज विश्व श्रमिक दिवस है। श्रमिक आंदोलनों और विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था में कामगारों के योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष पहली मई को श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस वर्ष की थीम है कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में श्रम संस्कृति के सम्मान से राष्ट्र के नव निर्माण का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि श्रमिक राष्ट्र की अनमोल धरोहर है, उनके अथक परिश्रम से ही देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। मजदूर दिवस के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे है। भीलवाडा में मेवाड चेम्बर ऑफ कॉमर्स कार्यालय में श्रमिकों के लिए निशुल्क हृदय जांच शिविर लगाया जा रहा है। वहीं श्रमिक संगठनों ने शहर के औद्योगिक क्षेत्र में रक्तदान शिविर लगाया है। अजमेर जिले में 2 हजार 800 बूथ संचालकों को पांच लाख रूपये तक का दुर्घटना बीमा कवर दिये जाने की योजना आज से शुरू हो रही है। अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने बताया कि इस योजना का पूरा प्रीमियम अजमेर डेयरी की ओर से वहन किया जायेगा। सवाईमाधोपुर में विभिन्न मजदूर संगठनों की ओर से रैली और सभाएं आयोजित की जा रही है।

0000

प्रदेश से हज यात्रियों का पहला जत्था आज रवाना होगा। इस जत्थे में 164 यात्री शामिल हैं। इस साल राज्य से 3 हजार 408 यात्री हज के मुकद्दस सफर पर जायेगें। जयपुर के सांगानेर हवाई अड्डे से 8 मई तक 17 उड़ानें सउदी अरब के मदीना जायेंगी। हज कमेटी की ओर से इस यात्रा के वास्ते व्यापक तैयारियां की गई हैं। यात्रियों को प्रशिक्षण दिया गया है और टीके भी लगाये गये है। जयपुर में हज हाउस में मनी एक्सचेंज काउंटर भी लगाया गया है। हज कमेटी ऑफ इण्डिया ने सभी यात्रियों को हज सुविधा एप 2.0 डाउन लोड करने की सलाह दी है।

00000

प्रदेश में दिन और रात के तापमान में बढोतरी लगातार जारी है। इससे भीषण गर्मी और हीट वेव की स्थिति बनी हुई है। पिछले 24 घंटों में पांच शहरों का तापमान 45 डिग्री से ऊपर मापा गया। 46 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस के साथ बाड़मेर में सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड हुआ। वहीं 29 दशमलव 8 डिग्री के साथ बीकानेर में सबसे ऊष्ण रात रही। जैसलमेर का पारा लगातार चौथे दिन भी 46 डिग्री के पार दर्ज किया गया। राज्य के पश्चिमी इलाकों में तेज गर्मी और लू के चलते जनजीवन बेहाल है। लोग गर्मी से बचाव के विभिन्न उपाय करते नजर आ रहे है। फलौदी से हमारे संवाददाता ने बताया कि लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए जा रहे है।

.....

इस बीच मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद हल्की बारिश की संभावना है। इसके साथ ही तेज रफ्तार हवाएं भी चल सकती है। वहीं कल और परसों बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में तेज रफ्तार हवाएं चलने और बारिश होने के आसार है।

0000

प्रदेश में रियल एस्टेट क्षेत्र को विनयमित करने के लिए बनाये गये रेरा एक्ट के लागू होने के आठ वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस मौके पर जयपुर में रेरा डे मनाया जा रहा है।

0000